तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026



12 जैन साधु-संतों के लिए मांगी विशेष सुरक्षा व्यवस्था...





12 रुक्मणी मंगल कथा का श्रवण करने से विवाह की बाधाएं ...






# जिले में गहराया ईंधन संकट, अधिकतर पंपों में नहीं मिल रहा तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पेट्रोल और डीजल का संकट गहराता जा रहा है। 3 दिनों से जिला मुख्यालय समेत आसपास के पेट्रोल पंपों में ताला लटका हुआ है। खास बात यह है कि शहर में ईंधन संकट है वहीं शहर के 10 किमी बाहर के पंपों में ईंधन निर्बाध मिल रहा है। ऐसे में शहरवासियों को ईंधन जलाकर ईंधन लेने जाना पड़ रहा है। गांवों के पेट्रोल पंपों में हालात यह है कि शहर के लोग कतार लगाए हुए हैं। लोग जेरिकेन लेकर घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 104 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें से 32 पूरी तरह ड्राई हो चुके हैं। शेष पंपों में भी सीमित स्टॉक बचा है। कई पंपों पर ऑनलाइन भुगतान बंद कर केवल नकद राशि ली जा रही है, जिससे लोगों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है। एटीएम और पेट्रोल पंपों के बीच लोग बार-बार चक्कर काट रहे हैं। पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार उन्होंने एक सप्ताह पहले ही पेट्रोल-डीजल का भुगतान कर दिया था, लेकिन अब तक पर्याप्त टैंकर आवंटित नहीं हुए हैं। इससे लगातार संकट बढ़ रहा है। मंगलवार को मचेवा और लभराखुर्द के कुछ पंपों पर डीजल पहुंचने के बाद लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन वहां भी भारी भीड़ के कारण अव्यवस्था की स्थिति बन गई।

डीजल पहुंचते ही कृषि कार्य से जुड़े किसान और वाहन चालक जेरिकेन लेकर पंपों पर पहुंच गए। कई जगहों पर पहले जेरिकेन भरने वालों को प्राथमिकता दिए जाने से कार और अन्य वाहनों की लंबी लाइन लग गई। मचेवा स्थित पेट्रोल पंप में ट्रैक्टरों की कतार सडक़ तक पहुंच गई।

प्रभारी खाद्य अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि जिले के 32 पेट्रोल पंप वर्तमान में ड्राई हैं। बाकी पंपों में सीमित मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है और लगातार आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## ईंधन डलाने के लिए पंप जाने के लिए नहीं बचा लोगों के पास पेट्रोल डीजल

### कर्मचारियों को हो रही परेशानी

पेट्रोल और डीजल की कमी का असर अब सीधे लोगों के दैनिक जीवन पर पडऩे लगा है। रोजाना बाइक से उद्योगों, दफ्तरों और संस्थानों में काम पर जाने वाले कर्मचारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोग अब जरूरी काम होने पर ही वाहन निकाल रहे हैं। डीजल संकट के कारण सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई भी प्रभावित हुई है।



### दूसरी बार सामने आया ईंधन संकट

जिले में यदि जल्द पर्याप्त संख्या में टैंकर नहीं पहुंचे तो आने वाले दिनों में संकट और गहरा सकता है। मई महीने में यह दूसरी बार है, जब लोगों को पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती मांग और सीमित आपूर्ति के कारण कालाबाजारी की आशंका भी बढ़ गई है। कई पेट्रोल पंपों में जेरिकेन में डीजल दिया जा रहा है।



### किसानों के अलावा अन्य को भी जेरिकेन, डिब्बों में दिया जाए ईंधनः राकेश

आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने मांग की है कि सिर्फ किसानों को ही जेरिकेन और डिब्बों में पेट्रोल डीजल न दिया जाए। बल्कि, छोटे व्यवसायियों तथा आम नागरिकों सहित अन्य उपयोगकर्ताओं को पहचान और आवश्यक जानकारी के आधार पर सुरक्षित तरीके से जरकिन या डिब्बों में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने की अनुमति दी जाए।

## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खुसरूपाली की ललिता बारिक ने बताया कि उसका पति सरजू बारीक रोज शराब पीकर झगड़ा विवाद करता रहता है। 23 मई की रात शराब पीकर आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसने मना किया तब आरोपी ने हाथ मुक्का एवं घर में रखे डंडे से मारपीट की। मारपीट से सिर, मुंह, पीठ, गर्दन में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बाजार से बाइक चोरी

**महासमुंद।** जमदरहा के साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हरिराम बरिहा पिता जोगी बरिहा (40 साल) जमदरहा चौकी भंवरपुर ने बताया कि 19 मई की शाम 05.30 बजे वह अपने मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स सीजी 06 जीसी 8445 में गांव के साप्ताहिक बाजार गया था और अपने मोटर सायकल को साप्ताहिक बाजार पड़ाव के पास पीपल पेड़ के नीचे रखा था। वापस आने पर देखा तो उक्त जगह पर उसकी बाइक नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दुकानदार को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम झगरेनडीह में जमीन विवाद को लेकर मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हरिचरण प्रधान (58 साल) झगरेनडीह ने बताया कि 26 मई को 4.30 बजे वह अपने किराना दुकान में था, तभी पड़ोस का अनिमेष प्रधान, जिनसे उनका जमीन संबंधी बात को लेकर विवाद चल रहा है, ने उसे गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## मनमानी : पूर्व में हुए करोड़ों के गबन की घटनाओं से नहीं ले रहे सबक

# सीधे किसानों से रबी धान खरीद रहे व्यापारी, शासन को राजस्व की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किसान भी अपनी उपज औनो-पौने दाम में बेचने को विवश, कार्रवाई करने विभाग भी मौन

रबी फसल का धान खरीदने के लिए कृषि उपज मंडियों में व्यापारी रुचि नहीं दिखा रहे। जबकि, वही व्यापारी किसानों का धान सीधे खरीद रहे हैं। जिला मुख्यालय के आसपास स्थित विभिन्न राइस मिलों के सामने धान से भरी वाहनें इस बात को प्रमाणित कर रही हैं कि सीधे तौर पर शासन को राजस्व की हानि हो रही है। वहीं प्रशासनिक अफसरों की ओर से अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई सामने नही आ पाई है।

किसान भी अपनी उपज औनो-पौने दाम में बेचने को विवश हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है लेकिन, ऐसी व्यवस्था के सुधार के लिए न तो भाजपाई सामने आ रहे हैं और न कांग्रेसी और न अन्य कोई दल। अधिकांश राइस मिलों में इन दिनों बेहिसाब रबी फसल के धान की खरीदी का कारोबार जारी है। ऐसे ही मामलों के चलते पूर्व में बागबाहरा व महासमुंद क्षेत्र के किसानों से धान खरीदी के नाम करोड़ों रुपए गबन के मामले सामने आए थे। इसके बाद भी किसान सबक नही ले रहे हैं। इन दिनों में रबी फसल की कटाई व मिंजाई कार्य जारी है। वहीं किसान अपनी उपज बेचने कृषि उपज मंडी के बजाए सीधे राइस मिलों व बिचौलिए के पास लेकर पहुंच रहे हैं। जहां औने-पौने दाम में किसानों से धान खरीद कर रहे हैं। इससे मंडी प्रशासन को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं किसानों को भी भारी आर्थिक घाटा हो रहा है।

बुधवार को मंडी प्रांगण में ग्राम बेमचा, खरोरा, परसदा और लाफिनखुर्द के 25 किसान लगभग 3000 कट्टा धान लेकर पहुँचे। किसानों का पतला धान 1680 रुपए न्यूनतम और 1738 रुपए अधिकतम में बिका। वहीं मोटा धान न्यूनतम 1680 रूपये में बिका। इससे पहले एक दिन पूर्व 14000 कट्टा धान का आवक हुआ। जिसमें मोटा धान का न्यूनतम मूल्य 1641 रुपए तथा अधिकतम मूल्य 1695 रुपए तथा पतला धान का न्यूनतम मूल्य 1652 एवं अधिकतम मूल्य 1730 रुपए में बिका। किसानों ने बताया कि एक तरफ लगातार डीजल का दाम बढने से भाड़ा अधिक लग रहा है। वहीं हमाली बढ़ गयी है। इतना खर्च करने बाद भी यहाँ जब धान लेकर पहुंचते है तो एक-दो मिलर धान खरीदी के लिए पहुंचते है जिससे प्रतिस्पर्धा न होने कारण धान का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।





**मंडी में सन्नाटा**

कृषि उपज मंडी के माध्यम से व्यापारियों द्वारा किसानों से धान खरीदी किए जाने मंडी तो खुल रही है। लेकिन, व्यापारियों के न आने के कारण मंडी में सन्नाटा पसरा हुआ है। मंडी शुल्क से बचने के लिए व्यापारी सीधे किसानों से धान खरीदी कर रहे हैं। इससे मंडी प्रशासन को राजस्व की क्षति हो रही है। बता दें कि मंडियों में रबी धान का रेट खुले बाजार की मांग के आधार पर तय होता है। स्थानीय स्तर पर यह लगभग 1, 300 से 2000 रुपए तक प्रति क्विंटल के आसपास चल रहा है।

### अलसुबह से देर रात लग रही लाइन

जानकारी के अनुसार सभी राइस मिल संचालक किसानों का धान सीधे नहीं खरीद रहे लेकिन, इसमें कई ऐसे राइस मिलर व बिचौलिएं हैं, जो किसानों से बेहिसाब रबी धान की खरीदी व बिक्री में लगे हुए हैं। राइस मिलों व बिचौलियों के दुकानों में किसानों की भीड़ लग रही है। किसान अपने धान को लेकर अलसुबह से देर रात जमे रहते हैं।

# बाइक से गांजा का अवैध परिवहन, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक से गांजा परिवहन करने वाले एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के कब्जे से दो लाख 50 हजार रुपए का गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि पदमपुर रोड से बसना की ओर एक पल्सर मोटर सायकल आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन चालक अपनी बाइक को वापस मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस टीम ने पकड़ा। इस दौरान पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम परवेज अब्दुल पिता कय्यूम खान (34 साल) निवासी 604 अब्दुलाह टावर सीएचएस लिमिटेड लोधा रोड नियर बनेगर स्कूपल वीटीसी मीरा भयंडर पो मीरा रोड सबजिला ठाणे जिला ठाणे महाराष्ट्र होना बताया। तलाशी के दौरान संदेही की बाइक से शुद्ध गांजा 5.100 किग्रा कीमत 2, 50, 000 रुपए व घटना में प्रयुक्त बाइक कीमत 80000, रुपए, दो मोबाइल बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित हो रहीं हजारों महिलाएं

**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत जिले में इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 से अब तक जिले में 27 हजार 53 महिला हितग्राहियों को लाभावित किया जा चुका है। जिसमें 14 हजार 423 महिलाओं को प्रथम किस्त की राशि 04 करोड़ 32 लाख 69 हजार रुपए प्रदान की जा चुकी है, वहीं 8 हजार 211 महिलाओं को द्वितीय किस्त की राशि एक करोड़ 64 लाख 22 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। साथ ही योजना के प्रावधानों के अनुसार द्वितीय बालिका के जन्म पर 4 हजार 420 महिलाओं को आर्थिक सहायता राशि 2 करोड़ 65 लाख 14 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है। वर्ष 2025-26 में अब तक 8 हजार 130 हितग्राही नामांकित हैं एवं वर्ष 2026-27 में अब तक एक हजार 171 हितग्राही नामांकित हुए है। योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रथम संतान के लिए 4 हजार 226 महिलाओं को प्रथम किस्त की राशि एक करोड़ 26 लाख 78 हजार रुपए प्रदान की जा चुकी है, वहीं 3 हजार 689 महिलाओं को द्वितीय किस्त की राशि 73 लाख 78 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। साथ ही योजना के प्रावधानों के अनुसार द्वितीय बालिका के जन्म पर 842 महिलाओं को आर्थिक सहायता राशि 50 लाख 52 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। इस योजना अंतर्गत पंजीयन के बाद गर्भावस्था के 7 वें माह में 3000 रुपए और प्रसव के बाद साढ़े तीन माह बाद बच्चे को टीका लगने के पश्चात 2000 रुपए प्रदान किए जाते हैं। वहीं डिलीवरी में यदि बालिका जन्म लेती है, तो माताओं को 6000 रुपए की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# 19 केंद्रों में प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा, 4849 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

व्यापमं द्वारा आयोजित प्री डीएलएड की

- जिले में 19 परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक किया गया नियुक्त

प्रवेश परीक्षा आगामी 4 जून को जिला मुख्यालय के 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। एक पाली में होने वाली इस परीक्षा के लिए कुल 4849 परिक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं।

परीक्षा निर्बाध संपन्न हो इसलिए प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा परीक्षा के सुचारू, निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए परीक्षा केंद्र तक सामग्री पहुंचाने के लिए 19 परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### इन्हें दी गई है जिम्मेदारी

परीक्षा केंद्र क्रमांक 2301 के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बरन सिंह मंडावी परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक होंगे। इसी तरह केंद्र क्रमांक 2302 के लिए अनुविभागीय अधिकारी विद्युत/यांत्रिकी खेतन सिंह देवांगन, केंद्र क्रमांक 2303 के लिए श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र, केंद्र क्रमांक 2304 के लिए कार्यपालन अभियंता जल संसाधन अजय कुमार खरे, केंद्र क्रमांक 2305 के लिए सहायक संचालक उद्यान पायल साव, केंद्र क्रमांक 2306 के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, केंद्र क्रमांक 2307 के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सीएस चंद्राकर, केंद्र क्रमांक 2308 के लिए उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, केंद्र क्रमांक 2309 के लिए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी देव प्रकाश वर्मा एवं केंद्र क्रमांक 2310 के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी प्रभा मार्कंडे को परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह परीक्षा केंद्र क्रमांक 2311 के लिए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू, केंद्र क्रमांक 2312 के लिए जिला पंजीयक रूपाली श्रीवास्तव, केंद्र क्रमांक 2313 के लिए जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया, केंद्र क्रमांक 2314 के लिए कार्यपालन अभियंता हाऊसिंग बोर्ड ओमप्रकाश बघेल, केंद्र क्रमांक 2315 के लिए जिला आबकारी अधिकारी अजय पांडेय, केंद्र क्रमांक 2316 के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत तुमगांव सतीश सिंह, केंद्र क्रमांक 2317 के लिए उप पंजीयक उत्तम टंडन, केंद्र क्रमांक 2318 के लिए सहायक संचालक हाथकरघा बीआर सेंद्रे एवं परीक्षा केंद्र क्रमांक 2319 के लिए वाणिज्य कर अधिकारी आशुतोष भोई परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक होंगे।

### देशी प्लेन व मसाला शराब बरामद

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने तुमाडबरी नहर पुलिस को पास एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन व मसाला शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी हेमंत रात्रे पिता सुरेश रात्रे (19 साल) निवासी वार्ड नं 11 मछली मार्केट के पास नयापारा महासमुंद के कब्जे से 20 पौवा देशी मसाला शराब और 05 अध्धी देशी प्लेन शराब कुल कीमत 2800 रुपए व एक बाइक को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए जांच कार्रवाई की मांग की

# सरकारी जमीन के अवैध खरीद-फरोख्त की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में राजस्व नियमों के उल्लंघन का एक गंभीर मामला सामने आया है। जिले के कोमाखान तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम भोथा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को एक लिखित शिकायत सौंपी है। इस शिकायत में ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि गांव में शासन द्वारा आबंटित की गई काबिल काश्त (कृषि योग्य) भूमि को नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से बेचा और खरीदा जा रहा है।

जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि नियमानुसार शासन से प्राप्त आबंटित भूमि या काबिल काश्त भूमि को बेचने के लिए शासन और जिला कलेक्टर की पूर्व अनुमति एवं स्वीकृति अनिवार्य होती है। इसके बावजूद, ग्राम भोथा में बिना किसी कानूनी अनुमति के ऐसी जमीनों की खरीदी-बिक्री, रजिस्ट्री और नामांतरण (म्यूटेशन) का खेल चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्तमान में गांव के लगभग 4 से 5 किसानों द्वारा इस प्रकार की शासकीय आबंटन वाली भूमि का विक्रय किया जा चुका है। शिकायतकर्ताओं ने जनदर्शन में अधिकारियों को बताया कि इस पूरी प्रक्रिया को बेहद गोपनीयता से अंजाम दिया जाता है। भूमि विक्रय की जानकारी ग्रामवासियों को पहले से नहीं दी जाती है। जब जमीन की बिक्री और नामांतरण की कागजी प्रक्रिया पूरी हो जाती है, और नया खरीदार जमीन की नाप-जोख (सीमांकन) के लिए पटवारी तथा राजस्व निरीक्षक (आरआई) को गांव बुलाता है, तब जाकर ग्रामीणों को पता चलता है कि शासकीय भूमि बिक चुकी है।



### इन पांच मामलों की जांच की मांग

ग्रामीणों ने आवेदन में विशेष रूप से पिछले एक सप्ताह के भीतर हुई रजिस्ट्रियों का उल्लेख किया है। शिकायत के अनुसार, मैकूलाल पिता बच्चन सिंह, हीराबाई पिता अर्जुन सिंह, कंवल सिंह पिता धनसिंह, शोभाराम पिता मानसिंह और बदुर मांझी पिता सुशितसिंग के नाम पर दर्ज शासन से प्राप्त भूमि को बिना प्रशासनिक स्वीकृति के बेच दिया गया है। इन जमीनों का नामांतरण और सीमांकन भी कराया जा चुका है।

### निष्पक्ष जांच और रोक लगाने की अपील

ग्राम भोथा के समस्त निवासियों ने इस खरीदी-बिक्री को पूरी तरह से नियमों के विपरीत बताते हुए इसका विरोध किया है। जनदर्शन में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, उन्होंने भविष्य में शासन से प्राप्त भूमि की इस प्रकार की अवैध खरीदी-बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है ताकि ग्रामवासियों के अधिकारों और सरकारी जमीन की रक्षा हो सके।




तत्काल संपर्क करें

फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....

फील्ड मार्केडिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....

(प्रतिमाह-10000+इंसेटिव)

कार्य के समय-8 घंटे

सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता)

संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।

-कार्यालय का पता-

हरिभूमि

जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

मो.नं.99811-31365

## खबर संक्षेप

### ईद की छुट्टी 28 को, मुस्लिम समाज ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने वर्ष 2026 के अवकाश कैलेंडर में आंशिक संशोधन किया है। ईद-उल-जुहा (बकरीद) के लिए पहले घोषित 27 मई के स्थान पर अब 28 मई को राज्य में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया। जिसके लिए मुस्लिम समाज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य शासन का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्व में ईद-उल-अजहा के लिए 27 मई को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया था। उर्दू कैलेंडर के अनुसार ईद-उल-अजहा का त्योहार 28 मई को पूरे देश में मनाया जाएगा। इसके लिए मुस्लिम समाज ने राज्य शासन को पत्र जारी कर पूर्व में 27 मई को घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश को निरस्त कर उसके स्थान पर 28 मई को ईद-उल-अजहा के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने निवेदन किया। इस निवेदन पर राज्य शासन ने 28 मई को ईद-उल-अजहा के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### पीईटी व एमएससी नर्सिंग के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री इंजीनियिरिंग टेस्ट व एमएससी नर्सिंग के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। व्यापम ने दोनों प्रवेश परीक्षाएं 14 मई को आयोजित की थी। जारी किए गए मॉडल आंसर पर दावा आपत्ति एक जून तक मंगाई गई है। मॉडल आंसर सहित इससे संबंधित दिशा-निर्देश व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### सिविल सर्विसेस परीक्षा कोचिंग के लिए हज कमेटी ने मंगाए ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सर्विसेस परीक्षा-2027 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए, हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई में संचालित कोचिंग एवं गाइडेंस सेल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु हज कमेटी ऑफ इंडिया ऑनलाइन आवेदन 10 जून तक आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन एवं अर्हताओं का संपूर्ण विवरण हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई में, यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सर्विसेस परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए कोचिंग एवं गाइडेंस सेल का संचालन किया जाता है। अर्हता पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का इंट्रेंस टेस्ट 28 जून को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा रायपुर में आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी से संपर्क कर सकते हैं।

### झीरम घाटी के शहीदों की 13वीं बरसी पर डीके अस्पताल में भंडारा



**रायपुर।** झीरम घाटी शहादत दिवस की 13वीं बरसी पर 'प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ' ने डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा, झीरम घाटी की घटना नक्सलियों की कायरता का परिचय है। हम सभी शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर देश, प्रदेश व जनता के हित में कार्य करेंगे। वहीं शहीदों की कुर्बानी से बस्तर में शांति तो लौटी, पर हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता अब भी बेनकाब होने बाकी हैं। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि जनता इस राजनीतिक हत्याकांड के मास्टरमाइंड का सच जानना चाहती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष करण राज, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण सेन, शहर जिला कांग्रेस महासचिव जावेद नकवी, शाहिद अशरफी, राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागदेलवार, शरद गुप्ता, हितेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# नए मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कवायद, 64 एसोसिएट प्रोफेसर की पदोन्नति के लिए डीपीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## प्राध्यापक बनाए जाएंगे, 2021 के बाद नहीं मिला था प्रमोशन, सूची का इंतजार

चिकित्सा शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में सेवा देने वाले डाक्टर अब प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत किए जाएंगे। सूची में शामिल 64 सह- प्राध्यापकों की भर्ती के लिए सीजीपीएससी में बैठक हुई। चर्चा पूर्ण होने के बाद जल्दी ही पदोन्नत चिकित्सकों की सूची जारी की जाएगी। वर्ष 2021 के बाद अब पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके खुलने वाले नए मेडिकल कालेजों में एनएमसी के मापदंड के अनुसार फैकल्टी की व्यवस्था की कवायद बताई जा रही है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के मेडिकल कालेजों में कार्यरत चिकित्सकों को काफी समय से अपनी पदोन्नति का इंतजार है। प्रोबेशन पीरियड खत्म होने के बाद भी वे पुराने पदों पर ही कार्यरत हैं। राज्य आगामी शिक्षण सत्र के दौरान पांच नए मेडिकल कालेज खोलने की तैयारी है। इसके लिए एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति करनी होगी। विभाग पहले ही चिकित्सा शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है और इसकी एक वजह लंबे समय से पदोन्नति नहीं होना था। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योग्य डाक्टरों की सूची तैयार कर पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की गई। मंगलवार को सीजीपीएससी के कार्यालय में डीपीसी हुई। इसमें 64 सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक बनाने विचार किया गया। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही पदोन्नति का लाभ पाने वाले चिकित्सकों की सूची जारी की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक प्रोफेसर बनाए जान वाले कई डाक्टरों की नियुक्ति जरूरतों के हिसाब से नए और ऐसे पुराने मेडिकल कालेजों में किया जाएगा जहां एनएमसी की कार्रवाई का खतरा बना हुआ है। इस पदोन्नति के बाद सहायक प्राध्यापकों की पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे।




### बढ़ेगी ढाई सौ सीट

*खुलने वाले पांच नए मेडिकल कालेज से प्रदेश में एमबीबीएस की ढाई सौ सीटे बढ़ जाएगी। इससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को चिकित्सा की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। नए कालेजों को संसाधन युक्त बनाने के लिए नजदीकी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को जिम्मेदारी दी गई। नए कालेजों के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए प्रभारी डीन की नियुक्ति की जा चुकी है।*

### संविदा भर्ती बड़ी चुनौती

*इन कालेजों में 175 पदों डाक्टरों की नियुक्ति के लिए संविदा भर्ती की प्रक्रिया बड़ी चुनौती बनी हुई है। नए कालेज ऊपर से संविदा भर्ती की वजह से युवा डाक्टर इसमें खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पहले दौर में हुई साक्षात्कार में बेहद कम संख्या में लोग शामिल हुए है। इसकी दूसरी बड़ी वजह कम वेतन को भी बताया गया है। संविदा भर्ती की प्रक्रिया समय-समय पर पूरी की जाएगी।*

## 90 दिनों के भीतर करना होगा आवेदन, आश्रितों को भी मिलेगी सहायता

# 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान' 1 से 5 माह तक जेल में रहने वालों को 8 से 25 हजार तक मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र सेनानियों को उनकी जेल में रहने की अवधि के हिसाब से मासिक सम्मान राशि दी जाएगी। एक माह से लेकर पांच माह तक जेल में रहने वालों को 8 हजार से लेकर 25 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। राज्य सरकार ने इस संबंध में नियम बनाया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 'छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम, 2026' बनाया है, जिससे राज्य के लोकतंत्र सेनानियों को मिलने वाली सम्मान राशि, आश्रितों के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी और नियमबद्ध बना दिया गया है। यह नई व्यवस्था राज्यभर में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

### निरुद्ध अवधि के आधार पर सम्मान राशि

*नए नियमों के तहत, लोकतंत्र सेनानियों को जेल या पुलिस थाने में बिताई गई वास्तविक निरुद्ध अवधि के आधार पर मासिक सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। 1 माह से कम या उसके बराबर अवधि पर 8 हजार रुपये प्रति माह। 1 माह से अधिक किन्तु 5 माह से कम की अवधि के लिए 15 हजार रुपये प्रति माह। 5 माह या उससे अधिक की अवधि के लिए 25 हजार रुपये प्रति माह देने का प्रावधान नियम के तहत किया गया है।*

### आश्रितों के लिए विशेष प्रावधान

राज्य सरकार ने दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों के परिवारों के हितों का भी ध्यान रखा है। यदि लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु हो जाती है, तो उनके पति या पत्नी को निर्धारित मासिक सम्मान राशि की आधी (50 प्रतिशत) राशि आजीवन प्रदान की जाएगी। सेनानी के निधन पर उनके परिवार के मुखिया को अंत्येष्टि हेतु 25 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित द्वितीय श्रेणी का एक अधिकारी उपस्थिति सुनिश्चित करेगा। लोकतंत्र सेनानी और उनके जीवनसाथी को राज्य के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समान ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी।



### आवेदन की प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेज

*सम्मान राशि का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा और प्रक्रिया का पालन करना होगा। पात्र व्यक्तियों को 'प्ररूप-एक' में जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जेल अधीक्षक या जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निरुद्ध रहने का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। इन नियमों के प्रकाशन (22 मई 2026) की तारीख से 90 दिनों के भीतर आवेदन देना आवश्यक है।*

### आवेदन का परीक्षण और पारदर्शिता

*सरकार ने आवेदनों की जांच के लिए एक त्रि-स्तरीय पुख्ता व्यवस्था की है। प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला मजिस्ट्रेट (सदस्य सचिव), पुलिस अधीक्षक और जेल अधीक्षक शामिल होंगे। समिति द्वारा पात्रता सुनिश्चित होने के बाद, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा एक विशिष्ट लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि पात्रता कार्ड जारी किया जाएगा। पूर्व में 'लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि नियम, 2008' के तहत जिन आवेदनों पर निर्णय हो चुका है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन लंबित प्रकरणों का निराकरण अब इन्हीं नए नियमों के अंतर्गत किया जाएगा। यह सम्मान राशि जिला मजिस्ट्रेट या सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अंतिम स्वीकृति आदेश जारी किए जाने की तिथि से देय होगी।*

## फल मंडी से लेकर फुटकर दुकानों तक होगी जांच

# पुराने सैंपलों की रिपोर्ट आई नहीं, जांच के लिए तीन दिन का नया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फल बाजार से उठाए गए पुराने सैंपलों की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है और अब तीन दिन का नया अभियान चलाया जाएगा। 27 से 29 मई तक अभियान के दौरान खाद्य निरीक्षक राज्यभर की फल मंडी से लेकर फुटकर दुकानों में रेंडम जांच करेंगे। इस दौरान सड़े-गले फलों को नष्ट कराया जाएगा और संदेह होने पर उनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। पिछले दिनों जांजगीर में बच्चे की मौत के मामले में तरबूज का जिक्र आने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने लालपुर के फल मार्केट में जांच करने के बाद पांच फलों के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए लैब भेजा था। करीब दस दिन गुजरने के बाद इसकी जांच पूरी नहीं हो पाई है। इधर बाजार में बिकने वाले फलों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तीन दिन का राज्यव्यापी अभियान चलाने की तैयारी है। जिला स्तर पर इसके लिए अभिहित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। 27 से 29 मई तक वे फल मंडियों, थोक और चिल्हर व्यापारियों के पास जाकर फलों की क्वालिटी की जांच करेंगे। इस दौरान किसी तरह के फल खराब मिलते हैं तो उन्हें नष्ट कराया जाएगा और दुकानदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा फलों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ का संदेह होता है, तो उसके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा।

- सैंपल लेने के साथ नष्ट कराए जाएंगे सड़े-गले फल



### अफसरों का दावा अब तक मिलावट नहीं

इधर खाद्य एवं औषधि प्रशासन से जुड़े अफसरों का दावा है कि राज्य में अब तक फलों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ अथवा उसे आकर्षक बनाने केमिकलों का गलत उपयोग किए जाने का मामला सामने नहीं आया है। आमतौर आम और केला को पकाने के लिए कार्बाइट पत्थर का उपयोग किए जाने की बात सामने आती है। व्यापारियों को ऐसा नहीं करने के लिए पहले ही सख्त हिदायत की दी गई है। वहीं व्यापारियों को यह भी ताकीद किया गया है कि फलों पर किसी तरह के स्टीकर लगाकर बिक्री नहीं की जाए।

# सवारी बिठाने के विवाद पर चाकू से हमला, गिरफ्तार



**रायपुर।** सवारी बिठाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक ऑटो चालक पर दूसरे ऑटो चालक ने हमला कर घायल कर दिया। घटना 24 मई की रात 11.30 बजे भाठागांव बस स्टैंड के पास की है। प्रार्थी मो. जफर घटना के समय बस स्टैंड पर अपना ऑटो लेकर खड़ा था। उसी दौरान दूसरा ऑटो चालक रिजवान खान उर्फ बिल्लू निवासी संतोषी नगर अपना ऑटो लेकर वहां पहुंचा और जफर को यह कहकर गाली-गलौज कर विवाद किया कि यह उसका इलाका है। यहां सवारी बिठाएगा तो उसे जान से मार देगा। जफर ने जब इसका विरोध किया तो रिजवान ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। इससे उसे चोट आई है। घटना के बाद रिजवान फरार था, जिसे पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध टिकरापारा पुलिस ने धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# कॉलेज एक और अंकसूची में ग्रेड अलग-अलग, भड़के छात्र पहुंचे रविवि

## समय-सारिणी में लगातार बदलाव सहित कई मुद्दों को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा समय-सारिणी में लगातार हो रहे बदलाव सहित अन्य समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने मंगलवार को अपना विरोध दर्ज कराया। एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार छात्रों की भावनाओं, हितों एवं सांस्कृतिक मान्यताओं की अनदेखी कर रहा है, जिससे छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी प्रत्येक सप्ताह बदली जा रही है। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि समस्त मामलों की निष्पक्ष जांच कर जल्द आवश्यक निर्णय लिए जाएं तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में सचिव कुणाल दुबे, जिला महासचिव संस्कार पांडेय, अनुज शुक्ला, आशीष बाजपाई, मोहम्मद जिशन, अनिकेत महतो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं की उपेक्षा

*हरिशंकर शुक्ल महाविद्यालय के विद्यार्थियों के परिणामों में नैक ग्रेड संबंधी गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। छात्रों को प्रदान की जाने वाली अंकसूची में नैक द्वारा प्रदत्त ग्रेडिंग का जिक्र होता है। हरिशंकर शुक्ल कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को जो डिग्रियां बांटी गई हैं, उनमें अलग-अलग ग्रेड प्रदर्शित है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया है कि पूर्व में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकपर्व 'छेरछेरा' के दिन भी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका एनएसयूआई ने विरोध किया था। इसके बावजूद अब पुनः ईद-उल-अजहा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व के दिन परीक्षा आयोजित कर विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं की उपेक्षा कर रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर वायरल कथित पेपर लीक ऑडियो एवं कॉल रिकॉर्डिंग को लेकर भी छात्रों के बीच भय और अविश्वास का माहौल बना हुआ है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि अब तक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले में कोई स्पष्ट और सार्वजनिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है।*

## सोनिया के खिलाफ टिप्पणी से भड़के कांग्रेसी

# मौदहापारा थाने का किया घेराव



सोशल मीडिया में भाजपा कार्यकर्ता ने की अनर्गल टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के ख़िलाफ़ सोशल मीडिया में अनर्गल टिप्पणी कर अपमानित करने के आरोप में मौदहा पारा थाने का घेराव किया। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने यह प्रदर्शन किया। कांग्रसे ने अर्नगल पोस्ट डालने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ता सौरभ बावरिया ने अपने फेसबुक अकाउंट में सोनिया के बारे में आपत्तिजनक फोटो डालकर महिलाओं का अपमान किया है। भाजपा हमेशा से महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाते, इसलिए उन्होंने कभी किसी महिला को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया। आरएसएस में भी महिलाओं को सम्मान जनक पद 100 साल में नहीं दिया। यही सोच बीजेपी कार्यकर्ताओं के मानसिकता में आ गई है और वो माताओं-बहनो को सम्मान की नजर से नहीं देख सकते। बीजेपी के मंत्री रिजिजू, असम के हेमंत विश्वशर्मा और बंगाल के अग्निमित्रा पॉल सभी लोग गौ माता के भक्षण के विभिन्न तरीके बता रहे जो निंदनीय है।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दूबे, पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, मोहम्मद असलम, रितेश त्रिपाठी, अनवर हुसैन, सुरजीत सिंह, शेखर साहू, सुषमा यादव, प्रीति सोनी, ओम श्रीवास, विनोद ठाकुर, सुयश शर्मा, किशन बजारी, सचिन अग्रवाल, प्रवीण चंद्रकर, सुरेश बाफना, राज देवांगन, सतू सिंह, दीपक चौबे, पवन प्रधान, नागेंद्र तिवारी, कामत साहू, राधे नायक, माधव चुरा, हेमू डेकाटे, मनोज वैष्णव, सुरेश बुधवानी, प्रवेश लखवानी, मुकेश कुकरेजा, रघुवीर बादल आदि मौजूद थे।

# गाली-गलौज से रोका तो परिवार को डंडे से पीटा

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। चौखड़िया तालाब के पास रहने वाली एक महिला ने थाना उरला में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करती है। प्रार्थिया के अनुसार, इलाके के रहने वाले निरंजन बिंद और सुधीर कुमार पुरानी विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान उसके पति शिवरतन बिंद ने दोनों को गाली देने से मना किया। इस पर दोनों भड़क गए और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने मिलकर शिवरतन के साथ हाथ-मुक्के और लकड़ी के डंडे से मारपीट की। पति को बचाने पहुंची महिला और उसकी बेटी सुरुचि कुमारी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने दोनों के साथ लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में महिला के दाहिने हाथ, पति के हाथ और पीठ तथा बेटी के सिर में चोट आई।

**ओवरटेक करने पर युवक को पीटा, 7 पर जुर्म दर्ज :** डीडीनगर थाना क्षेत्र में सरोना स्थित जायका ऑटोमोबाइल के पास 4 लड़के एवं 3 लड़कियों ने एक युवक के साथ वाहन ओवरटेक करने की बात पर विवाद किया और फिर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर किसी चीज से हमला किया। इससे उसे चोट आई है।

## डॉ. आंबेडकर, महर्षि वाल्मीकि वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में होंगे नए विकास कार्य

# महापौर ने 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को जोन 9 क्षेत्र के डॉ. भीमराव आंबेडकर, महर्षि वाल्मिकी वार्ड और कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, खेमकुमार सेन, पार्षद प्रभा विश्वकर्मा, मोहन साहू इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। महापौर ने मोवा से दलदल सिवनी मुख्य मार्ग में नई स्ट्रीट लाइट व्यवस्था देने, तालाब में ब्रिज निर्माण, आंगनबाड़ी भवन बनाने वार्ड 11 में दो स्थानों पर नाली निर्माण और एक स्थान पर जीआई पाइप डालने का कार्य करने भूमिपूजन किया। इसके साथ ही विजय नगर, अवंति वहिार क्षेत्र में गंदे पानी के निकास के लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक ने यहां केवल भूमिपूजन किया, कहीं भी विकास कार्य पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं कराया। महापौर ने जोन 9 कमिश्नर को मंच से निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित कर लें कि जोन 9 क्षेत्र में कहीं भी अवैध प्लाटिंग, अवैध कालोनी और अवैध निर्माण नहीं हो। यदि ऐसा होवे तो तत्काल उस पर विधि अनुसार कड़ी कार्यवाही करते हुए उसे हटा दिया जाए।



### नए स्ट्रीट लाइट लगेंगे

मीनल चौबे ने कहा कि मोवा से दलदल सिवनी मुख्य मार्ग में अंधेरा दूर करने 71 लाख की लागत से नई स्ट्रीट लाइटें लगवाने का काम रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के नेतृत्व में नगर निगम रायपुर क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए किया गया है। महापौर ने वार्ड पार्षद मोहन साहू की सक्रियता की सराहना की। कार्यक्रम में जोन 9 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सामजिक कार्यकर्ता रविंद्र सिंह ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### योग आयोग के अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**बसना**। जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त योग आयोग के अध्यक्ष एवं कलचुरी कलार समाज के गौरव स्व. रूपनारायण सिन्हा को रायपुर स्थित निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग अशोक सिन्हा के साथ अंतिम यात्रा में शामिल होकर कंधा देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### सतनाम ग्रंथ संदेश कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद**। ग्राम बरोंडा बाजार में गुरु घासीदास बाबा की सतनाम ग्रंथ संदेश कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष विजय बंजारे, घनश्याम जांगड़े, पूर्व जनपद पंचायत सभापति सचिन गायकवाड़, पवन कुर्रे, कामता आवड़े एवं गांव के समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा की ठोकर से बच्ची घायल

**रायपुर**। खमतराई पुलिस ने एक ई-रिक्शा चालक के खिलाफ एक्सीडेंट करने के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थिया सोनवती महोबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 मई को रात करीब 10.30 बजे उसकी 5 वर्षीय बेटी घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान ई-रिक्शा सीजी-04, एनएस-1466 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए उसकी बेटी को ठोकर मार दी, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 281, 125 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय बसना में प्रवेश प्रारंभ

## 30 जून तक पूर्ण होगी प्रवेश प्रक्रिया, सभी पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश से वंचित नहीं रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राज्य के विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शासन के निर्देशानुसार अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय बसना में विद्यार्थियों का प्रवेश 30 जून 2026 तक पूर्ण किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मिशन समन्वयकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नए शैक्षणिक सत्र में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण अध्ययन शीघ्र प्रारंभ करने के उद्देश्य से प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। विभाग ने कक्षा 6वीं एवं 9वीं के लिए कैचमेंट क्षेत्र निर्धारण, विद्यार्थियों की सूची तैयार करने तथा संबंधित विद्यालयों को सूची उपलब्ध कराने की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कक्षा पहली, छठवीं, नवमीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों की प्रवेश सूची जारी करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। विद्यालयों की शिक्षण समय-सारणी भी 16 जून तक जारी करने कहा गया है। ताकि, नए सत्र की पढ़ाई व्यवस्थित रूप से प्रारंभ हो सके।




विद्यालयों में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय की रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यमों में विद्यार्थियों को अध्ययन का अवसर मिलेगा। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जाएगी। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अंकसूची, आधार कार्ड, स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी), जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। अभिभावकों से समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपील की गई है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

विभाग ने विशेष रूप से निर्देशित किया है कि ड्रॉपआउट, आर्थिक रूप से कमजोर अथवा अन्य कारणों से पढ़ाई से वंचित विद्यार्थियों को भी प्राथमिकता के साथ प्रवेश दिया जाए। किसी भी पात्र विद्यार्थी को प्रवेश से वंचित नहीं रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करने कहा गया है।

शिक्षा विभाग के अनुसार पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय बसना में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। शासन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को समान एवं उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यालय प्रबंधन समितियों एवं शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय पर विद्यालय पहुंचकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें तथा निर्धारित तिथि से पूर्व अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराएं।

## स्मरण : कांग्रेस भवन में कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

# आधुनिक और वैज्ञानिक भारत के शिल्पकार थे नेहरू : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस भवन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी और आधुनिक भारत के निर्माता पं. जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। आजादी के बाद जब देश के पास सीमित संसाधन थे, तब उन्होंने मजबूत औद्योगिक ढांचा, आईआईटी और एम्स जैसे संस्थान और भाखड़ा नांगल जैसे बांधों की नींव रखकर देश को आत्मनिर्भर बनाया। उनके विचार और लोकतांत्रिक मूल्य आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।




पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि नेहरू ने विश्व पटल पर भारत को एक नई पहचान दी। उनकी गुटनिरपेक्ष नीति ने भारत को वैश्विक महाशक्तियों के बीच एक स्वतंत्र और मजबूत आवाज के रूप में स्थापित किया। देश के विकास में उनके दिए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने नेहरू के वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेहरू ने देश में अंधविश्वास को मिटाकर 'साइंटिफिक टेंपर' (वैज्ञानिक सोच) को बढ़ावा दिया। इसरो और परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना उन्हीं की दूरगामी सोच का परिणाम थी, जिसकी बदौलत आज भारत अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा कि नेहरू को बच्चों से अगाध प्रेम था और वे देश के भविष्य को सुरक्षित देखना चाहते थे। आज हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम का संचालन गणेश शर्मा द्वारा तथा आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, शहर महामंत्री निर्मल जैन, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, भरत ठाकुर, सोमेश दवे, गणेश शर्मा, लक्ष्मी देवांगन, समीम खान, विजय बंजारे, नितेंद्र बैनर्जी, पार्षद मुस्ताक खान, ममता चंद्राकर, राशि महिलांग, तुलसी साहू, गोपी तारक, डॉ एजाज नकवी, सोनम बंसोड़, हर्षित चंद्राकर, तबरेज खान, अनीश राजवानी, बसंत चंद्राकर, राजू साहू, भोलेनाथ गंधर्व, कपिल साहू, लहरी ठाकुर, अनुराग चंद्राकर, सुरेंद्र ठाकुर, सन्नी महानंद, प्रसून चंद्राकर, आशीष साहू, प्रकाश साहू, परखित हरपाल, भानू सोनी समेत अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## जीवन दीप समिति साधारण सभा की हुई बैठक मरीजों के हित और निःस्वार्थ सेवा पर दिया जोर



**नर्रा**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान में जीवन दीप समिति की साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक में जनपद अध्यक्ष बागबाहरा एवं जीवन दीप समिति के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर शामिल हुए। क्षेत्र से आए कोमाखान, तेंदूकोना, हाथीबाहरा एवं मुनगाशेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रतिनिधि और प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा और स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान अध्यक्ष द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण व बहुमूल्य सुझाव दिए गए। अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सभी को टीम भावना के साथ पूरी संवेदनशीलता और निःस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि खेमराज सिन्हा, जनपद सभापति लता जनक कुम्हार, जनपद सदस्य तुलाराम ठाकुर, जनपद सदस्य मानबाई मंगलू ठाकुर, सरपंच हाथीबाहरा निशा सागर चंद्राकर, सरपंच मुनगासेर लता राजू चंद्राकर, सरपंच कोमाखान जामा बाई, खंड चिकित्सा अधिकारी बागबाहरा डॉ बीएस बढ़ई एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## संयुक्त टीम ने किया कृषि सेवा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**महासमुंद**। जिले में किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण सतत जारी है। इसी क्रम में उप संचालक कृषि फागू राम कश्यप एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना उषाकांति खेस ने सागरपाली स्थित किसान कृषि सेवा केन्द्र तथा भंवरपुर स्थित जय दुर्गा कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उर्वरकों के भंडारण, विक्रय दर, स्टॉक पंजी तथा पॉश मशीन के माध्यम से की जा रही वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया गया। निरीक्षण में संबंधित विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर तथा उनके रकबे के अनुसार ही रासायनिक उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दुकानों में उपलब्ध उर्वरकों की दर सूची प्रदर्शित करने एवं सभी आवश्यक अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए।

इसी तरह संयुक्त टीम द्वारा तहसील कोमाखान अंतर्गत ग्राम मुनगासेर में खोमसिंह पिता घनाराम साहू के कोठार में लगभग 50 बोरी यूरिया खाद अवैध रूप से जमा पाया गया, जिसकी खरीदी सम्बन्धित बिल वाउचर उनके द्वारा नहीं दिखाया गया। उक्त यूरिया को जप्त करने की कार्रवाई की गई। वहीं संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पटेवा में प्रतीक बीज भंडार दुकान एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिसमें पॉस मशीन में 328 बोरी यूरिया खाद बताया गया, भौतिक रूप से 214 बोरी पाया गया। जिसमें 114 बोरी यूरिया खाद कम मिला। कृषि विभाग द्वारा खाद एवं पॉस मशीन जब्ती की कार्रवाई की गई। कृषि विभाग ने निर्देशित किया है कि किसानों को समय एवं उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। यदि किसी विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूली जाती है अथवा किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि उर्वरक क्रय करते समय पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

# योग आयोग के अध्यक्ष रुपनारायण सिन्हा के निधन पर पिथौरा में शोक सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रुपनारायण सिन्हा के आकस्मिक निधन से पिथौरा नगर में शोक व्याप्त है। भाजपा कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों, सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधक समिति एवं आचार्यों ने गहरा दुःख व्यक्त किया। बुधवार को शाम सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को बिलासपुर में आयोजित एक योग कार्यक्रम के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल सिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। निधन की खबर मिलते ही पिथौरा सहित



आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई और लोग स्तब्ध रह गए। बुधवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में शहीद भगत सिंह शिक्षण समिति के सदस्यों एवं विद्यालय आचार्यों की आकस्मिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्व. सिन्हा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समिति के व्यवस्थापक ने स्व. सिन्हा के साथ बिताए गए अविस्मरणीय पलों को याद किया। समिति सदस्य गुरुचरण सिंह सलूजा ने उन्हें कुशल संगठक एवं अत्यंत व्यवहारकुशल व्यक्तित्व बताया। वहीं विद्यालय के पूर्व व्यवस्थापक रजिंदर खनूजा ने उनके जीवन संघर्ष एवं कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने एक साधारण सरस्वती शिशु मंदिर आचार्य से भाजपा संगठन मंत्री और फिर योग आयोग के अध्यक्ष तक का सफर अपनी मेहनत एवं समर्पण से तय किया।

विद्यालय की प्राचार्य गायत्री राजपूत ने स्व. सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा एवं संगठन के प्रति समर्पित रहा। शोक सभा में गुरुचरण सिंह सलूजा, सुरेश ठाकुर, रजिंदर खनूजा, गायत्री राजपूत, सुरेंद्र सिंह खनूजा, त्रिलोक आजमानी, सरजूराम सिन्हा सहित विद्यालय स्टॉफ एवं शिक्षण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बरेकेलकला के किसानों ने स्व-प्रेरणा से शुरू किया जल संरक्षण कार्य

**महासमुंद**। जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत ग्राम बरेकेलकला में ग्रामीणों एवं किसानों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि एफआर कश्यप एवं मोर गांव मोर पानी अभियान ग्राम बरेकेलकला के नोडल अधिकारी द्वारा गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल का संरक्षण होगा, जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि के साथ भविष्य में जल संकट की समस्या को कम किया जा सकेगा। ग्रामीणों एवं किसानों को अपने घरों, खेतों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्राम में स्थित शासकीय भूमि पर जनभागीदारी से निर्मित जल अवशोषण ट्रेंच का नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण भी किया गया। ग्राम बरेकेलकला की महिला कृषक ममता साहू, पति ताराचंद साहू, चिमनबाई पति जगदीश सहित कृषक रोहितदास दीवान, पिता तुलसी दीवान, पुनीतराम पिता केजुराम, भुवनेश्वर पिता वीरसिंह एवं डगेश्वर यादव पिता रत्न यादव द्वारा स्व-प्रेरणा से अपने घरों एवं खेतों में सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग टैंक का निर्माण कराया जा रहा है।



# सुकदेव ने 4 मिनट 26 सेकंड में की 1500 मीटर दौड़ पूरी, जीता स्वर्ण पदक

## अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक और उपलब्धि अपने नाम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

8वां इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन बैंगलोर में 25 से 28 अप्रैल 2026 तक आयोजित हो रहा हैं, जिसमें महासमुंद जिले से सुकदेव एवं गाइड रनर वेंकटेश शामिल हुए। सुकदेव ने पहले दिन हुए 1500 मीटर दौड़ के फ़ाइनल दौड़ में सभी देशों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान पर रहे एवं स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर बड़ी उपलब्धि हासिल किया हैं। 1500 मीटर दौड़ को पूरा करने के लिए सुकदेव ने 4:26:80 समय में पूरा कर स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2026 तक जापान में आयोजित होने वाले 5वीं एशियन पैरा गेम्स 2026 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है।

फॉर्चून फाउंडेशन के संचालक निरंजन साहू ने बताया कि इससे पहले सुकदेव ने जूनियर एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक एवं 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुके हैं। खेलों इंडिया पैरा गेम्स 2025 नई दिल्ली में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। 16वीं फज़्ज़ा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 दुबई संयुक्त अरब अमीरात में 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीत चुके हैं। 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 भुवनेश्वर ओडिशा में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर



बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में सुकदेव नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भारतीय खेल प्राधिकरण साईं सेंटर बेंगलूरु में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स में जिले के सुकदेव के 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने एवं एशियन पैरा गेम्स जापान 2026 के लिए क्वॉलिफाई करने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हर्ष जताया है। साथ ही जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, प्रदेश सचिव डिकेश टंडन, अलका नरेश चंद्राकर, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, विश्वनाथ अग्रवाल, पारस चोपड़ा, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, विजू पटनायक, विपिन मोहंती, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अपूर्व पांडे, सविता निषाद, आकाश जैन, अतुल बग्गा, भोजराम वर्मा, हरीश पांडे, भूमिका यादव, रश्मि साहू, दिव्यलोचन साहू, भेखलाल साहू, तुलसीराम बरिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल, किशोर मोहंती, विकास बग्गा, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव डॉ. सुनील कुमार भोई, चारूलता गजपाल, लक्ष्मीप्रिया साहू, फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने भी हर्ष जताया है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर गांवों में चलेगा जनसंपर्क अभियान

**महासमुंद**। भाजपा जिला की संगठनात्मक बैठक में आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का मुख्य विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाना रहा। बैठक में यह भी तय किया गया कि विभिन्न स्थानों पर बुद्धिजीवी वर्ग सम्मेलन आयोजित कर मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, किसान हितैषी योजनाओं एवं भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में हुई वृद्धि के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही आगामी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस एवं 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण एवं जनजागरण अभियान तथा योग दिवस पर प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाजपा जिला प्रभारी जयंती पटेल ने संगठनात्मक सक्रियता एवं बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा सेवा एवं समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन एवं विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक का मंच संचालन जिला महामंत्री थान सिंह दीवान एवं जितेंद्र त्रिपाठी ने किया। बैठक में मंचासीन अतिथियों के रूप में महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला प्रभारी जयंती पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, प्रीतम दीवान, परेश बागबाहरा, डॉ. विमल चोपड़ा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल उपस्थित रहे। बैठक में जिलेभर से आए पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू ने दी है।



## खबर संक्षेप



### पद्मिनी एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राम मंदिर में पद्मिनी एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। हीरेंद वैष्णव ने कहा कि हिंदू धर्म में पद्मिनी एकादशी का विशेष महत्वपूर्ण है। हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल की एकादशी तिथि को पद्मिनी एकादशी का व्रत मनाया जाता है, इसे कमला एकादशी के अलावा पुरुषोत्तम एकादशी के नाम भी जाना जाता है। पद्मिनी एकादशी का शुभ मुहूर्त, चौघड़िया मुहूर्त, पूजा विधि से करने से भगवान विष्णु सभी फल प्राप्त होते हैं। इस दौरान फुलेश्वरी, सरोज, विमला, कामता, उमा, उतरा, डाली, लक्ष्मी, लीना, कुलेश्वरी, ममता, त्रिवेणी आदि मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में पशु पक्षियों का भी रखें खयालः तुषार

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग



हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही दैनिक जीवन में गर्मी से होने वाली कई कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कर्यासमिति के सदस्य अशवंत तुषार साहू ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि इस प्रचंड गर्मी में हमें अपने आसपास के पशु-पक्षियों को भी नहीं भूलना चाहिए। अपने घर, बालकनी, छत, दुकान या ऑफिस के बाहर पानी से भरा एक छोटा-सा बर्तन रखना भी किसी प्यासे पक्षी के लिए जीवनदान बन सकता है।

### निधन

### पुरानिक राम निषाद

**बिरकोनी।** ग्राम राजा बड़गांव निषाद



पारा निवासी पुरानिक राम निषाद (70) का देहांत 27 मई बुधवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि में ग्रामीण सहित समाजिकजन शामिल हुए। वे बुधिया बाई निषाद के पति व तिहारु निषाद, झालाराम निषाद के पिता थे।

## अभियान : आबादी पट्टा मिला तो जताया मुख्यमंत्री साय का आभार

# समाधान शिविर में चंद मिनटों में बना लर्निंग लाइसेंस, युवा अखिलेश का खिल उठा चेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन एवं जनकल्याण केंद्रित प्रशासनिक दृष्टिकोण को साकार करने के लिए प्रदेशभर में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में जारी समाधान शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहकर आमजनों की समस्याओं का समाधान कर रहे है। शिविरों के माध्यम से लगातार लोगों को भू-अधिकार पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, निःशुल्क दवाई वितरण, दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल, किसानों को पौधों का वितरण सहित शासन की योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

ग्राम आंवराडबरी के युवा अखिलेश साहू के लिए यह शिविर खुशी का अवसर बन गया। उन्होंने शिविर में लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया और महज आधे घंटे के भीतर उनका लर्निंग लाइसेंस जारी हो गया। इतनी जल्दी प्रक्रिया पूरी होने से अखिलेश बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि पहले छोटी-छोटी प्रक्रियाओं के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब समाधान शिविरों के माध्यम से गांव में ही सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। इसी शिविर में आंवराडबरी निवासी खोमनलाल साहू की वर्षों पुरानी समस्या का भी समाधान हुआ। वे लंबे समय से मकान बनाकर रह रहे थे, लेकिन उन्हें अब तक आबादी पट्टा प्राप्त नहीं हुआ था। समाधान शिविर में आवेदन देने के बाद मौके पर ही उनका आबादी पट्टा तैयार कर उन्हें सौंपा गया। मालिकाना हक मिलने पर उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उनकी वर्षों की परेशानी दूर कर दी।

## आबादी जमीन पर झोपड़ी वालों को भी मिलेगा प्रधानमंत्री आवास का लाभ

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत अब शहरी क्षेत्र में आबादी जमीन पर झोपड़ी बनाकर निवासरत गरीब परिवारों को भी आवास का लाभ मिलेगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने यह जानकारी दी। राठी ने बताया कि राज्य शासन ने आबादी जमीन में निवासरत नागरिकों को भी आवास योजना का लाभ देना प्रारंभ कर दिया है। पहले केवल भू-स्वामी पट्टे पर ही आवास योजना का लाभ मिल रहा था। अब जो लोग शहरी क्षेत्र में आबादी जमीन पर झोपड़ी बनाकर निवासरत हैं, ऐसे लोग स्थानीय पटवारी से निवास कर रहे जमीन का नजरी नक्शा बनाकर नगरपालिका में आवास प्रभारी के पास जमा करें। इसे शासन को भेजकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने में आसानी होगी।



राठी ने शहरी क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जो भी आबादी जमीन के कच्चे मकान में निवासरत हैं, वे शीघ्र नजरी नक्शा के साथ आवेदन करें। विष्णुदेव साय सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को देने का प्रयास कर रही है। इस माह 20 आवास स्वीकृत होकर आए हैं। हितग्राहियों को आवास योजना के अनुज्ञा पत्र समाधान शिविर में वितरित किए जाएंगे। उपाध्यक्ष राठी ने खुशखबरी देते हुए कहा कि राज्य सरकार योजना बना रही है शीघ्र ही नजूल सरकारी जमीन में निवासरत लोगों को सर्वे के आधार पर पट्टा भू-अधिकार पत्र देकर मालिकाना हक देगी। साय सरकार गृह प्रवेश के लिए अलग से 32 हजार की राशि जारी कर विशेष लाभ दे रही है।

# जैन साधु-संतों के लिए मांगी विशेष सुरक्षा व्यवस्था, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय दिगम्बर जैन संघ ने विहाररत जैन साधु-संतों की विशेष सुरक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति एवं आर्यिका माता दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है।

संघ ने कहा कि विहाररत आर्यिका माता के साथ हुई अत्यंत दुखद घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, जिसमें संघ की आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटनाभर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच अत्यंत आवश्यक है। जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं, ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएं एवं हमले संपूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं। घटना की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच, इस प्रकरण की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराई जाए। घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी, वीडियो एवं डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित किए जाएं। दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि सुनियोजित कृत्य अथवा षड्यंत्र के तथ्य मिले, तो तदानुसार कठोर धाराएं लगाई जाएं। विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, चेतावनी संकेतक, हाईवे एवं भीड़भाड़ क्षेत्रों में विशेष सावधानी सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाई जाए, पैदल विहार करने वाले संतों के लिए राष्ट्रीय गाइडलाइन, सुरक्षा एसओपी तथा संवेदनशील मार्गों के लिए विशेष प्रावधान निर्मित किए जाएं। प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र बने, स्थानीय स्तर पर आपातकालीन संपर्क व्यवस्था निर्मित की जाए। जैन समाज सदैव शांति, अहिंसा, कानून और संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है। हमारा उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना एवं तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रशासन इस अत्यन्त संवेदनशील विषय को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाएगा, ऐसा विश्वास जताया है। इस दौरान राकेश जैन, डॉ केके जैन, विपिन जैन, सौरभ जैन, शशांक जैन, शुभम जैन, शैलेंद्र जैन, शीतल प्रसाद जैन, प्रसन्न कुमार जैन, आकाश जैन एवं समाज की सभी सदस्य उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक चोपड़ा बने भाजपा के प्रदेश स्तरीय प्रगति पथ यात्रा के प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय द्वारा आगामी जून माह में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार जारी सूची में महासमुंद के पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विमल चोपड़ा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. चोपड़ा को प्रदेश स्तरीय प्रगति पथ यात्रा का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिसके लिए उन्होंने संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां भी प्रारंभ कर दी हैं।

गौरतलब है कि आगामी 7 जून 2026 को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर को पार्टी 'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' संकल्प के साथ मनाने जा रही है। इसी कड़ी में आयोजित होने वाली 'प्रगति पथ यात्रा' के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश में हुए बड़े विकास कार्यों, अधोसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) और जनहितैषी योजनाओं की जमीनी प्रगति को सीधे जनता के बीच ले जाया जाएगा। इस वृहद अभियान के तहत प्रदेश में जितने भी विकास कार्य हुए हैं, उनका भ्रमण प्रदेश के मुख्यमंत्री, सभी मंत्री, सांसद और विधायक करेंगे तथा पूरे छत्तीसगढ़ में इसका प्रचार-प्रसार करेंगे। डॉ. विमल चोपड़ा के कुशल संगठनात्मक अनुभव और वरिष्ठता को देखते हुए ही संगठन ने उन्हें इस पूरे महाअभियान को संपन्न कराने की कमान सौंपी है।



जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व विधायक व प्रदेश प्रभारी डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रप्रथम के संकल्प ने पिछले 12 वर्षों में देश और छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली है। संगठन ने मुझे 'प्रगति पथ यात्रा' के माध्यम से इस विकास की गौरव गाथा को जन-जन तक ले जाने का जो दायित्व दिया है, वह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने आगे अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी जागरूक नागरिकों, प्रबुद्ध जनों, ऊर्जावान युवाओं और पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से यह विशेष आग्रह है कि वे इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर सहभागिता दें। आपकी उपस्थिति ही इस विकास उत्सव को ऐतिहासिक बनाएगी। हम सब मिलकर मोदी सरकार के सुशासन और 'विकसित भारत' के संकल्प को हर घर तक पहुंचाएंगे। डॉ. विमल चोपड़ा को प्रदेश स्तर पर इतनी बड़ी कमान मिलने की खबर आते ही महासमुंद के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय नेताओं ने इसे महासमुंद के नेतृत्व का बड़ा सम्मान बताते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है और यात्रा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प दोहराया है।



## एनएच 53 में की गई यात्री बसों की जांच

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा सड़क सुरक्षा की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा नेशनल हाईवे 53 में यात्री बसों की जांच की गई। इस दौरान यात्री बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, चालक वर्दी, बसों में चस्पा किराया सूची की जांच की गई। संयुक्त टीम द्वारा कुल 06 यात्री बसों पर परमिट शर्तों के उल्लंघन, बिना चालक/परिचालक वर्दी के विरुद्ध कार्रवाई कर शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई। यात्री बस जांच के दौरान जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला, परिवहन विभाग से अमित पाटिल, हेमचंद कंवर, लखन पटेल, मेघू महोबिया एवं पुलिस यातायात विभाग महासमुंद से यातायात प्रभारी रामभजन सिन्हा उपस्थित रहे।

# लमकेनी में हुआ 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- यज्ञीय कार्यक्रम में लगभग 500 श्रद्धालुओं ने दी आहुति



लमकेनी में स्वर्गीय हरिशंकर सिदार की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र जगदीश सिदार एवं उनकी धर्मपत्नी पुष्पा सिदार द्वारा विगत 20 वर्षों से प्रति वर्ष 25 मई को आयोजित किए जाने वाले पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से हुआ। इस अवसर पर उनकी माता स्वर्गीय धनई बाई सिदार एवं पिता स्वर्गीय हरिशंकर सिदार की आत्मा की शांति के लिए पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में जगदीश सिदार एवं पुष्पा सिदार रहे। साथ ही कौशल्या संजय प्रधान, सुषमा राजेश साहू, सविता शरद नायक एवं विलासिनी अमिताभ सिदार ने भी सहभागिता निभाई।

पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का संचालन बसना क्षेत्र के ठाकुरपाली-साल्हेझरिया टोली के टोली प्रमुख पृथ्वीराज साहू के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में उपेंद्र साहू, अशोक पसायत, नरेंद्र भोई, महेश साव तथा लमकेनी से संतोष भोई, विजय प्रधान, फकीर मोहन पसायत सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। यज्ञीय कार्यक्रम में लगभग 500 श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आहुति प्रदान की एवं धर्मलाभ प्राप्त किया।

## तेज धूप व भीषण गर्मी में लोगों का जीवन अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

नौतपा के चलते तेज धूप व भीषण गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। क्षेत्र के कुछ बुजुर्गों का कहना है कि इतनी गर्मी आज तक नहीं देखी। तापमान 44 से 45 देखा जा रहा है। घर का छत इतनी गर्म की कूलर, पंखे काम नहीं कर रहे हैं। गर्म हवा से रहना मुश्किल हो गया है। वहीं लोग पसीने से सराबोर हो रहे हैं। लोगों का मानना है अब अब गांवों की तस्वीर बदल रही है। मगर 100 में 75 प्रतिशत लेंटर व 25 प्रतिशत मिट्टी खपरैल वाले घर रह गए हैं।

अब कुछ दिनों के बाद बचे खुचे घर में भी पक्के हो जाएंगे। इस कारण भी घरों का छत, सड़क तेज धूप भीषण गर्मी का अहसास दिला रही है। अभी भी कुछ लोगों को अपने पुराने असियाने की याद जरूर आ रही है। गर्मी के मौसम में न तो कूलर न तो पंखे की जरूरत, कोदो पैरा मिक्स कर मिट्टी की दीवार खड़ा कर मकान तैयार करते थे। लकड़ी की म्यार पटाव व नीम पत्ती के ऊपर मिट्टी डालकर छबाई करते थे। खपरैल वाले घरों में न तो गर्मी न तो ठंड का अहसास होता था।

## प्रभारी सीएमओ ने लिया साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नालियों में कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर जताई गहरी नाराजगी



नगर क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर सह मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार खांडे ने विभिन्न वार्डों में नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान कई स्थानों पर नालियों में कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों एवं सफाई व्यवस्था से जुड़े जिम्मेदारों पर नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान खांडे ने निर्देशित किया कि नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कचरा सड़क एवं नालियों में फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों को निर्धारित समयानुसार जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना होगा। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि घरों एवं दुकानों का कचरा नालियों में न डालें तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्थापना प्रभारी करण कुमार यादव, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सफाई विभाग के सुपरवाइजर जीतू सोनी, गोपाल सोना, स्वच्छता कमांडो किशोर सोनी आदि उपस्थित रहे।

# रुक्मणी मंगल कथा का श्रवण करने से विवाह की बाधाएं होती हैं दूरः महंत सिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम मोंगरा में वासुदेव साहू परिवार के यहां चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक महंत सिया गोवर्धन शरण व्यास (सिरकट्टी आश्रम वाले) ने महारास, मुचुकुंद उद्धार, रुक्मणि मंगल विवाह परंपरा रस्म कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। उन्होंने रुक्मणी मंगल कथा के बारे में बताते हुए कहा कि जो इसका श्रवण करता है, उसके घर में विवाह की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं और परिवार मंगलमय जीवन व्यतीत करता है। जब-जब संसार में पाप बढ़ेगा, तब- तब कृष्ण के रूप में भगवान प्रकट होकर इस संसार का उद्धार करेंगे। भगवान कृष्ण की हर लीला में एक गूढ संदेश निहित है।

उन्होंने गोवर्धन पर्वत, कंस वध और यशोदा माता द्वारा कृष्ण के दर्शन जैसे प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह घटनाएं हमें सिखाती हैं कि जब तक मनुष्य अपने भीतर के अहंकार और नकारात्मकता का नाश नहीं करता, तब तक वह ईश्वर के सच्चे स्वरूप को नहीं जान सकता। इस कथा में श्रद्धालुओं ने आते ही राम बोलो, जाते ही राम बोलो, सुबह शाम राम बोलो जैसे भजनों पर झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया। रुक्मणी मंगल विवाह एवं प्रेम योग के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए महारास के बारे में बताते हुए कहां कि महारास का अर्थ है जीव से जीव का मिलन नहीं, अपितु ब्रह्म से जीव के मिलन को महारास कहा गया है। मुचुकुंद का कृष्ण से भेंट और उद्धार की कथा में बताया कि राजा मुचुकुंद युद्ध में निपुण थे और उन्होंने देवताओं की सहायता के लिए असुरों से लंबा युद्ध लड़ मुचुकुंद ने कृष्ण को देखा और उनसे भक्ति का वरदान मांगा न कि सांसारिक सुखों का। कृष्ण उन्हें दर्शन दिए। उनकी क्षत्रिय जीवन की हिंसा के पाप धोने के लिए तपस्या करने का निर्देश दिया और कहा कि वे अगले जन्म में ब्राह्मण बनेंगे और अंत में परमात्मा को प्राप्त करेंगे। जब जीव में अभियान आता है, तब भगवान से वह दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान की अनुराग के विराह में होता है तो कृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं, उसे दर्शन देते हैं।

भगवान कृष्ण रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण ने विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि का द्वारा हरण कर विवाह किया। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह नहीं सकती। रुक्मणि मंगल कथा के बारे में बताते हुए कहा कि जो इसका श्रवण करता हैं। उसके घर में विवाह की सारी बाधाएं दूर हो जाती है। कृष्ण रुक्मणि विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती उतारी और पुष्प वर्षा की। इस मौके पर आयोजन की ओर से आकर्षक वेशभूषा में कृष्ण व रुक्मणि विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर ललिता बाई साहू, वासुदेव साहू, लेख राम साहू, नागेश्वरी साहू, किशन साहू, कृष्ण कुमार साहू, कुंजलाल साहू होमन लाल साहू, गुलशन साहू, संतोषी, पुष्पा साहू, मूल्या बाई साहू, हेमलता साहू, योगिता साहू, यामिनी साहू, नेहा साहू, धनेश्वरी साहू, प्रिया साहू, प्रिशा साहू, दामिनी साहू, मोनिका साहू आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

